हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 30 मई 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

4
वीबी जीराम के तहत जल संरक्षण हरित विकास पर रहेगा विशेष फोकस



## खबर संक्षेप

### शुरू हुआ जलदूत अभियान पहुंच रहा तकनीकी अमला

**रायगढ़।** जिले में भू जल संरक्षण और जल उपलब्धता की वास्तविक स्थिति का वैज्ञानिक आकलन करने के उद्देश्य से ललदूत प्री मानसून भूजल सर्वे अभियान की शुरुआत की गई है। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देशों के तहत यह अभियान जिले की सभी ग्राम पंचायतों में संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक गांव में अधिकतम तीन खुले कुओं के जलस्तर का मापन कर जलदूत मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन डेटा दर्ज किया जा रहा है। मनरेगा एवं ग्रामीण विकास विभाग का तकनीकी अमला गांवों में पहुंचकर जल स्त्रोतों का सर्वे कर रहा है। इस दौरान कुओं की गहराई, भूजल स्तर और वर्तमान जल उपलब्धता की गणना कर डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। यह डेटा प्री मानसून रिकॉर्ड के रूप में सुरक्षित रखा जाएगा।

### महिलाओं को उत्कृष्ट स्वच्छता कार्य के लिए मिला प्रमाण पत्र

**रायगढ़।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़े भंडार में आयोजित शिविर में जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण रायगढ़ द्वारा जनपद पंचायत पुसौर अंतर्गत ग्राम पंचायत बरपाली एवं कोतमरा की स्वच्छग्राही दीदियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्वच्छता किट एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता के क्षेत्र में सक्रिय योगदान देने वाली महिलाओं की सराहना करते हुए उन्हें गांवों में स्वच्छता जागरूकता बढ़ानेए ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रेरित किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखनेए कचरे के उचित प्रबंधन एवं दैनिक जीवन में स्वच्छ आदतों को अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि जनभागीदारी और महिलाओं की सक्रिय सहभागिता से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को और अधिक गति मिलेगी।

### गेरवानी जंगल में छापा दो कोचिए गिरफ्तार

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने ग्राम गेरवानी केसर जंगल में छापेमार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से बेचने के लिए रखी गई शराब जब्त किया है, साथ ही 2 शराब कोचियों को भी गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पहली कार्रवाई में आरोपी साहिल यादव पिता शंकर यादव 20 वर्ष निवासी गेरवानी के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। वहीं दूसरी कार्रवाई में आरोपी सुभाष बघेल पिता कमल बघेल 24 वर्ष निवासी गेरवानी कब्जे से कुल 12 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### गेरवानी स्कूल चोरी कांड का खुलासा, एक गिरफ्तार

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेरवानी स्थित शासकीय विद्यालय में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी किए गए बिजली वायर को बेचने की फिराक में घूम रहा थाए तभी पुलिस ने उसे धर दबोचा। मामले में शामिल एक अन्य आरोपी अभी फरार हैए जिसकी तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती टीसी बा ने 4 मई 2026 को थाना पूंजीपथरा में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 30 अप्रैल को स्कूल बंद कर स्टाफ अवकाश पर चला गया था। 4 मई को स्कूल खुलने पर चैनल गेट का ताला टूटा मिला और परिसर से तीन सिलिंग फैन, तीन वाटर कूलर के कम्प्रेसर, सीसीटीवी वायरिंग तथा करीब 120 मीटर विद्युत वायरिंग चोरी होना पाया गया। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 50 हजार रुपये आंकी गई।

## पत्थर से सिर कुचलकर की हत्या, वारदात से गांव में सनसनी

# पति ने भाई व नाबालिग के साथ मिलकर पत्नी के प्रेमी को उतारा मौत के घाट, बंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

थाना क्षेत्र के ग्राम जुनवानी खारापारा में प्रेम प्रसंग का विवाद खूनी वारदात में बदल गया। लंबे समय से चल रहे अवैध संबंध और सामाजिक विवाद के बीच एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। पति ने अपने भाई और एक नाबालिग के साथ मिलकर पत्नी के प्रेमी को पहले जमीन पर पटक-पटक कर पीटा, फिर पत्थर से सिर कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान 34 वर्षीय सुशील खलखो निवासी ग्राम जुनवानी के रूप में हुई है।

■ महिला ने सामाजिक बैठक में प्रेमी के साथ रहने की जताई थी इच्छा

पुलिस के अनुसार मृतक सुशील खलखो और आरोपी जयलाल एक्का की पत्नी के बीच पिछले तीन से चार वर्षों से प्रेम संबंध था। इसी संबंध को लेकर पहले भी विवाद हो चुका था। महिला ने सुशील ⏭ शेष पेज 4 पर





### रात में रास्ता रोककर किया हमला

पुलिस जांच में सामने आया है कि घटना की रात जयलाल एक्का उम्र 34 वर्ष, भाई जयमन एक्का उम्र 36 वर्ष और एक 17 वर्षीय नाबालिग सुशील की तलाश में घूम रहे थे। जैसे ही सुशील गांव में मिला, तीनों ने उसे घेर लिया। पहले जमकर मारपीट की। घटना 27 मई की रात करीब 11 बजे की है। गांव में अचानक चीख-पुकार और हल्ला होने पर लोग घरों से बाहर निकले। इसी दौरान तीनों आरोपी मिलकर सुशील खलखो की बेरहमी से पिटाई कर रहे थे। आरोपियों ने उसे जमीन पर पटक दिया और फिर पास में पड़े भारी पत्थर से उसके सिर पर कई वार किए। गंभीर चोट लगने से युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### पुलिस ने कुछ ही घंटों में पकड़े

हत्या की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच तेज की। ग्रामीणों से पूछताछ और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पत्थर भी बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। नाबालिग आरोपी को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है, जबकि अन्य दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

**सूचना मिलते ही पुलिस हुई सक्रिय:** सूचना मिलते ही पत्थलगांव थाना प्रभारी निरीक्षक विनीत कुमार पांडे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर युवक खून से लथपथ पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### अनसुलझे मामले

एक तरफ पुलिस इस हत्या का खुलासा कर अपना पीठ थपथपा रही है, वहीं दूसरी ओर पत्थलगांव क्षेत्र के हत्या के पुराने मामलों की गुत्थी आज तक नहीं सुलझ पाई है। पाकर गांव में जमीन विवाद को लेकर हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड को 6 महीने से ज्यादा समय बीत चुका है। इस मामले में पुलिस आज तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। इसी तरह शांति यादव हत्याकांड भी रहस्य बना हुआ है। केराकछार निवासी 70 वर्षीय शांति यादव की 9 मार्च 2026 को हत्या की गई थी। पुलिस आज तक इस मामले का खुलासा नहीं कर पाई है।

### आगे की जांच जारी

प्रथम दृष्टया हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग और पुरानी रंजिश सामने आई है। मामले में एक विधि से संघर्षरत बालक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है।

-डॉ. लाल उमेद सिंह, डीआईजी एवं एसएसपी, जशपुर

# खारीबहार में 17 टन अवैध उर्वरक जब्त



**जशपुरनगर।** किसानों के हितों की सुरक्षा और कृषि आदानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर रोहित व्यास एवं उप संचालक कृषि एमआर भगत के मार्गदर्शन में कृषि विभाग पत्थलगांव एवं फरसाबहार की संयुक्त टीम ने विकासखंड फरसाबहार के ग्राम पंचायत खारीबहार में बड़ी छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारित उर्वरक का भंडाफोड़ किया है।

संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान एक मकान में भारी मात्रा में उर्वरक का अवैध भंडारण पाया गया। जांच में कुल 342 बोरी लगभग 17.1 टन भूमि शक्ति (ऑर्गेनिक ग्रेन्युलर) उर्वरक बरामद किया गया। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया कि उक्त उर्वरक को किसानों के बीच डीएपी खाद के नाम पर बेचा जा रहा था, जिससे किसानों को भ्रमित कर आर्थिक नुकसान पहुंचाने की आशंका थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी पत्थलगांव श्री राकेश पैंकरा द्वारा मौके पर पहुंचकर संपूर्ण उर्वरक भंडारण को सील कर दिया गया। साथ ही आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए जब्ती प्रकरण तैयार कर आगे की कार्रवाई हेतु कार्यालय उप संचालक कृषि, जशपुर को प्रेषित किया जा रहा है।

■ डीएपी के नाम पर हो रही थी ठगी, कृषि विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

# जशपुर के खिलाड़ियों का नेशनल चैंपियनशिप में जलवा

**जशपुरनगर।** खेलों की दुनिया से छत्तीसगढ़ के जिले के लिए एक बहुत ही गौरवशाली और बड़ी खबर सामने आई है। गोवा के प्रसिद्ध डुलर फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित 10वीं स्पोर्ट्स टूरिज्म इंडिया ओपन नेशनल चैंपियनशिप में जशपुर के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए दोहरा खिताब अपने नाम किया है।

मुख्य फुटबॉल कोच किशोर प्रकाश तिर्की के मार्गदर्शन में उतरी टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-19 और सीनियर दोनों ही कैटेगरी में नेशनल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। इस ऑल इंडिया टूर्नामेंट का आयोजन 18 मई से 20 मई 2026 तक किया गया था, जिसमें देश भर से कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट और फुटबॉल की टीमों ने अंडर-14, अंडर- 17, अंडर-19 और सीनियर कैटेगरी में हिस्सा लिया। सीनियर टीम ने फाइनल मुकाबले में तमिलनाडु जैसी हैवीवेट टीम को करारी शिकस्त देकर खिताबी जीत हासिल की। इस महामुकाबले में जशपुर के स्टार खिलाड़ी माइकेल और अमन केरकेट्टा ने तमिलनाडु के खिलाफ एक के बाद एक शानदार गोल दागकर इतिहास रच दिया।




### अंडर-19 टीम की ऐतिहासिक जीत

वहीं दूसरी तरफ, फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ की अंडर-19 टीम का सामना मध्य प्रदेश से हुआ। बेहद रोमांचक मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने मध्य प्रदेश को 01-00 से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया।

### गांव से नेशनल तक का सफर

इस बड़ी जीत के बाद टीम के कोच और खिलाड़ियों ने अपने संघर्ष को याद किया। उन्होंने बताया कि एक छोटे से गांव से निकलकर, जिला स्तर और फिर स्टेट से होते हुए नेशनल चैंपियनशिप तक का यह सफर बेहद कठिन और चुनौतियों से भरा रहा। बिना किसी बड़े आधुनिक संसाधनों के, खिलाड़ियों ने केवल अपने दमखम, लगन और कड़ी मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है।

### इन्होंने दिखाया दम

पूरे टूर्नामेंट में जशपुर के जांबाज खिलाड़ियों अमन केरकेट्टा, वासु, राकेश, राजू (गोलकीपर), रोशन तिर्की, ऋषिकांत वर्मा, संतोष (कैप्टन), सोनू, अश्विन राम, प्रतीक, अनुप टोप्पो, माइकेल, अनुराग, हिमांशु, साहिल और किशोर प्रकाश तिर्की (कोच) ने मैदान पर गजब का तालमेल और बेहतरीन खेल दिखाया, जिसके दम पर टीम ने यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

### चुन कर तैयार करते हैं कोच

ग्रामीण स्तर के स्किल्ड प्लेयर्स को कोच चुन-चुन कर तैयार करते हैं और उन्हें जिला, स्टेट टूर्नामेंट से लेकर नेशनल लेवल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद खिलाड़ियों की मेहनत और कोच की सही रणनीति ने जशपुर को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है।

# लोन दिलाने के नाम पर शिक्षिका समेत 10 लोगों से 3 करोड़ रुपए की ठगी

**अंबिकापुर।** लोन दिलाने के नाम पर झांसा देकर शिक्षिका समेत 10 लोगों से 3 करोड़ रूपए से अधिक की ठगी करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। आरोपी ने लोगों के नाम पर अलग अलग बैंकों से लोन लिया और रूपए लेकर फरार हो गया। आरोपी ने दूसरों के नाम पर लिए गए लोन से अपने क्रेशर प्लांट का संचालन किया।

गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सरगवां निवासी दिव्या एक्का पति पंकज लकड़ा राजपुर में शिक्षिका के पद पर पदस्थ है। महिला जुलाई 2024 में जमीन खरीदकर घर बनवाने के लिए 15 लाख रूपए का लोन लेने के बारे में सोंच रही थी। शिक्षिका ने इसकी जानकारी अपने जीजा को बताई थी जिसके बाद जीजा ने एक व्यक्ति के बारे में बताया जो लोन दिलाने का काम करता है। इसके बाद बरियों के चंगोरी निवासी शिवशंकर दास महिला के घर आया और खुद को अनशिवआर्या फाउंडेशन ग्रुप कंपनी का संचालक बताया। आरोपी ने महिला को बताया कि वह कंपनी के माध्यम से लोगों को लोन दिलाने में मदद करता है। आरोपी ने महिला को अपने झांसे में लेने के लिए कई लोगों की फाइल दिखाई। आरोपी ने शिक्षिका को बताया कि वर्तमान में कंपनी में एक सच्ची स्कीम चल रही है जसके तहत कंपनी जो लोन महिला को दिलाएगी उसका 60 प्रतिशत कंपनी में जमा करना पड़ेगा और 40 प्रतिशत आवेदन करने वाले को मिलेगा लेकिन लोन का पूरा किश्त कंपनी हर महीने चुकाएगी। महिला को झांसे में लेकर आरोपी ने वाट्सएप के माध्यम से महिला का पैन कार्ड, आधार कार्ड, फॉर्म नंबर 16, सैलरी स्लिप, बैंक स्टेटमेण्ट व अन्य आवश्यक दस्तावेज ले लिया। महिला का कहना है कि उसने सिर्फ बैंक ऑफ इण्डिया के फार्म ही साईन करने गई थी लेकिन आरोपी ने मनमाने ढंग से आईसीआईसीआई बैंक से 15 लाख, बैंक ऑफ इण्डिया से 13.40 लाख, एचडीएफसी बैंक से 12.68 लाख समेत कुल 41.08 लाख रूपए का लोन निकाल कर महिला के खाते में ट्रांसफर करा दिया। बाद में आरोपी ने दबाव डालकर व झांसे में लेकर अलग अलग खातों में 28 लाख रूपए वापस ले लिया। इस ठगी की शिकायत महिला ने पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस घटना की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने शिवशंकर दास को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने बताया कि वह क्रेसर प्लांट का संचालन करता है और क्रेसर प्लांट में नुकसान के कारण पैसों की आवश्यकता थी। इस लिए उसने महिला दिव्या एक्का को अनशिवआर्या फाउण्डेशन ग्रुप के माध्यम से झांसे में लेकर 41.08 लाख रूपए का लोन स्वीकृत कराया और कुल 28 लाख रूपए ले लिए।

# कोकिया खार शिविर में मिले 403 आवेदन

**पत्थलगांव।** सुशासन तिहार के तहत कलस्टर कोकिया खार में 15 ग्राम पंचायतों के बीच शिविर लगाया गया। शिविर में 403 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें पेंशन के 30 आवेदन, दिव्यांग पेंशन में लक्ष्मी बाई अमित भगत के आवेदन स्वीकृत किए गए।

राशन कार्ड 25 आवेदन नाम जोड़ा गया एवं नये राशन कार्ड स्थल में पात्रता जांच कर राशन कार्ड बनाकर दिया गया। आवास को 3 माह में बनाने पर प्रशंसा पत्र दिया गया। शिविर में आधार कार्ड 12, ड्राइविंग लाईट लाइसेंस 8, महिला बाल विकास द्वारा 7 की गोद भराई, 4 अन्न प्रासन किया गया। उद्यान विभाग द्वारा 38 लोगों को फलदार वृक्ष लीची, आम के पौधों का वितरण किया गया। 11 लोगो को कृषि विभाग द्वारा किसान कार्ड एवं शिक्षा विमाग से 9 उल्लास प्रमाण पत्र दिया गया। शिविर में मुख्य अतिथि विधायक गोमती साय, सुरुचि पैकरा, जनपद अध्यक्ष मति धनिहारो परहा बीडीसी संतोषी भारद्वाज, बाल श्याम चौहान, कलम विश्वकर्मा, मुन्नी अग्रवाल मती साय क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनपद पंचायत के सीईओ केके श्रीवास ग्रामीण विकास अधिकारी धनेश टेंगवार एवं जनपद पंचायत के समस्त स्टाफ समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।




# सेवानिवृत्त प्रधानपाठकों का किया गया सम्मान

**पत्थलगांव।** विकासखंड में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को समय पर पेंशन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी वेदानंद आर्य द्वारा सराहनीय पहल की जा रही है। संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र सिन्हा के निर्देश पर सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को सेवानिवृत्ति से पूर्व ही पीपीओ (पेंशन अदायगी आदेश) उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है।

इसी क्रम में 29 मई को सेवानिवृत्त हुए विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय के दो प्रधान पाठकों, शासकीय प्राथमिक विद्यालय हिरवापारा के विजय कुमार तिग्गा तथा शासकीय प्राथमिक शाला छोटकीपारा तिलडेगा के श्री आनन्द कुमार चौहान को उनकी सेवानिवृत्ति तिथि के दिन ही पेंशन अदायगी आदेश पीपीओ एवं आवश्यक दस्तावेज सौंपे गए।

कार्यक्रम के दौरान कार्यालय स्टॉफ की उपस्थिति में दोनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता एवं जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र सिन्हा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सेवानिवृत्ति के दिन ही पीपीओ एवं आवश्यक दस्तावेज प्रदान किए जाने की इस व्यवस्था से शिक्षा विभाग के कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है।



## सड़क सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से करें पालन

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टरेट सभाकक्ष में जिले में संचालित निजी विद्यालयों के संचालकों की बैठक लेकर स्कूली बच्चों की सुरक्षा, सुरक्षित परिवहन व्यवस्था, नशा मुक्ति अभियान तथा विद्यालयों में आवश्यक सुरक्षा मानकों के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री व्यास ने सभी विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व अनिवार्य रूप से रोड सेफ्टी क्लब का गठन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देने के साथ-साथ नियमों के पालन के प्रति जागरूक करें। इसके लिए उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति भी करने को कहा। उन्होंने सड़क सुरक्षा विषय पर भाषण, निबंध, पेंटिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं एक्सपोजर विजिट आयोजित कर विद्यार्थियों को जागरूक करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्कूल संचालकों से कहा कि विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी तथा जिन छात्रों के पास वाहन चलाने का लाइसेंस है, वे अनिवार्य रूप से हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करें। उन्होंने पालकों को भी शिक्षक-पालक बैठक के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कोई छात्र बिना ड्राइविंग लाइसेंस अथवा बिना हेलमेट के विद्यालय आते पाया जाता है, तो संबंधित स्कूल एवं पालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



### 500 मीटर क्षेत्र नो-ड्रग जोन घोषित

कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों की बाउंड्रीवाल से 100 मीटर की परिधि में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके अलावा 500 मीटर के दायरे को नो-ड्रग जोन घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की नशीली गतिविधि पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्कूल संचालकों से ऐसी गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन को देने को कहा। साथ ही ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए।

### जर्जर भवनों में स्कूल संचालन नहीं करने के निर्देश

कलेक्टर श्री व्यास ने उन निजी विद्यालय संचालकों को जिनका बोर्ड परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं रहा है, अपने शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार लाने हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि जीर्ण-शीर्ण अथवा जर्जर भवनों में विद्यालय संचालन किसी भी स्थिति में नहीं किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में बालक एवं बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विद्यालय परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी श्री अरविंद भगत, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री धर्मेंद्र साहू सहित जिले के निजी विद्यालयों के संचालक उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों में राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि पर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्राकृतिक आपदाओं में हुई मृत्यु के 2 प्रकरणों में कलेक्टर द्वारा कुल 8 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अपर कलेक्टर प्रदीप साहू के अनुसार तहसील तपकरा के ग्राम बांसाझाल निवासी जेवियर बड़ा की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके पुत्र विक्रम बड़ा को कुल 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार तहसील कांसाबेल अंतर्गत ग्राम पोंगरो निवासी लक्ष्मणी पैंकरा की आकाशीय बिजली से मृत्यु हो जाने पर उनके पति दिलेश्वर साय को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों में प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने हेतु सभी आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के साथ पूर्ण की जा रही है।

### टेम्पू में आज लगेगा शिविर

**जशपुरनगर।** जनपद पंचायत मनोरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत टेम्पू में 30 मई 2026 को शिविर लगेगी। इस शिविर में 13 गांव सुरजूला, रजला, खुटापानी, घाघरा, करदना, टेम्पू, मुटू, पोड़ीपटकोना, चड़यिा, सोगड़ा, मनोरा, खोगा एवं डुमरटोली के ग्रामीण अपनी मांग एवं समस्याओं के आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिक लिखित रूप में अपने आवेदन शिविरों में देंगे, जिनका मौके पर निराकरण किया जाएगा।


VENUS PARK
Come home to peace.
A HAVEN YOU'LL
CHERISH
EVERY
SINGLE DAY!
RESTAURANT (3 MIN)
HOSPITAL (5 MIN.)
SCHOOL (2 MIN.)
BANK
BANK (2 MIN.)
MARKET (5 MIN.)
@VIDHANSABHA ROAD, RAIPUR
• PREMIUM DEVELOPED PLOTS
• CUSTOMIZED BUNGALOWS • LIFESTYLE-ENHANCING AMENITIES
A Complete Lifestyle Experience
GRAND ENTRANCE GATE
24X7 SECURITY
CLUB HOUSE & LIFESTYLE AMENITIES
BEAUTIFUL TEMPLE
CHILDREN'S PLAY AREA
GREEN ATMOSPHERE
LANDSCAPING & WATER BODIES AT THE ENTRANCE GATE
CONCRETE ROADS WITH FOOTPATH
UNDERGROUND ELECTRICITY & SEWAGE
SEWAGE TREATMENT PLANT
DESIGNER STREET LIGHTS
ECO-FRIENDLY WATER HARVESTING SYSTEM
REGISTERED SOCIETY & SEPARATE SOCIETY OFFICE
CLUB VENUS
SWIMMING POOL & KIDS' POOL
GYMNASIUM
TEMPLE
OUTDOOR GAMES – BADMINTON COURT, MULTIPURPOSE COURT - FOR CRICKET, BASKETBALL, ETC.
ORA MAKERS
Own your real asset.
99939 08222 | 99939 07333
venuspark.ora@gmail.com
venusparkraipur
Behind Brighton International School,
Vidhansabha Road, Nardaha, Raipur
RERA NO. PCGRERA200125001871
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN

## खबर संक्षेप

### मिट्टी बांध निर्माण में जेसीबी का उपयोग करने पर ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत

प्रतापपुर। जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़वार में मनरेगा योजना के तहत स्वीकृत मिट्टी बांध निर्माण में जेसीबी का उपयोग करने पर ग्रामीणों ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हेसाम अली के नेतृत्व में कलेक्टर से जनदर्शन में शिकायत कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया है कि मनरेगा के नियमों को ताक पर रखकर रातभर जेसीबी मशीन से खुदाई कराई गई, जिससे शासन की लाखों रुपये की राशि का दुरुपयोग हुआ और रोजगार अधिकारों पर असर पड़ा है। शिकायत में बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत बड़वार में मनरेगा अंतर्गत मिट्टी बांध निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ था। 19 मई की रात पंचायत द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर निर्माण कराया गया। मो. हेसाम अली ने कहा कि मनरेगा योजना का उद्देश्य ग्रामीण मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन पंचायत द्वारा मशीनों से कार्य कराकर मजदूरों का हक छीना जा रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की सूचना तत्काल संबंधित इंजीनियर और एसडीओ को दी गई, जिसके बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान जेसीबी मशीन उपयोग के स्पष्ट संकेत मिलने की बात सामने आई। मो. हेसाम अली ने कलेक्टर से शिकायत कर मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### कार्यशाला में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर दी गई जानकारी




राजपुर। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। इसी कड़ी में जनपद पंचायत राजपुर के सभाकक्ष में जिला समन्वय स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती मानमती, जनपद सीईओ संजय दुबे कार्यक्रम अधिकारी मानसाय सिदार की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि कचरा पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है और स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। बढ़ते कचरे के प्रभावी प्रबंधन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ गांवों और शहरों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की बात कही। जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती मानमति ने जानकारी दी कि सर्वोच्च न्यायालय एवं एनजीटी के निर्देशों के तहत विशेष अधिसूचित क्षेत्रों, तीर्थ स्थलों, बस स्टैण्ड, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, रेलवे स्टेशन, मॉल, मल्टीप्लेक्स, होटल, अस्पताल, स्टेडियम, सामुदायिक भवन एवं पर्यटन स्थलों में प्लास्टिक एवं अन्य कचरे का पृथक्करण अनिवार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि कचरे को विभिन्न श्रेणियों जैसे वेट वेस्ट, ड्राई वेस्ट, सेनेटरी वेस्ट एवं स्पेशल केयर वेस्ट में अलग-अलग करना आवश्यक होगा। जनपद सीईओ राजपुर संजय दुबे ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का उल्लंघन करने पर मौके पर जुर्माना एवं आपराधिक दण्ड का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के प्रति किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने को कहा।

### ग्राम मदनपुर स्थित एनएच पर कार चालक ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को मारी टक्कर

बिश्रामपुर। एन एच 43 स्थित मदनपुर ग्राम के चौदहा पेट्रोल पंप के सामने हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और हालत बिगड़ने पर रायपुर रेफर करना पड़ा। जयनगर पुलिस ने बताया कि 18 मई की सुबह करीब 10.30 बजे सूरजपुर के बंगालीपारा वार्ड क्रमांक 8 निवासी वैभव तिवारी ने जयनगर थाना में लिखित आवेदन देकर सूचना दी कि उनके ससुर सुबोध हलदार ग्राम मदनपुर बाजारपारा से पैदल एनएच 43 किनारे स्थित एक मोबाइल दुकान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अंबिकापुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही हुंडई एक्सेंट कार क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 1859 के चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर लगने के बाद सुबोध सड़क पर दूर जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल को उठाकर उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया है। परिजन के अनुसार हादसे के बाद घायल सुबोध को तत्काल होली क्रॉस अस्पताल ले जाया गया जहां 21 मई तक उनका उपचार चला लेकिन सिर और शरीर में गंभीर चोटों को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया। वर्तमान में उनका इलाज डीकेएस अस्पताल रायपुर में जारी है जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## ग्रामीण उबड़ खाबड़ रास्ता तय कर आते थे मुख्य मार्ग तक

# पहुंचविहीनता का दंश झेल रहे बतौली क्षेत्र के गांवों के लिए पीएम जन मन सड़क योजना बनी वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर/सेदम

आजादी के 77 वर्षों तक पहुंच विहीनता का दंश झेल रहे गांवों तक बनी प्रधानमंत्री जन मन सड़क योजना आज वरदान साबित हो रही है। पहले पगडंडी व पथरीली रास्तों से अपनी जरूरतों को पूरा करने पैदल ही लंबी दूरी तय कर लोग मजबूर थे वहीं उस रास्ते में आज वहीं चार चक्का वाहन धड़ल्ले से आवागमन कर रही है जिससे पहुंचविहीन क्षेत्र का दंश झेल रहे लोगों को बड़ी राहत मिली है।

**खास बात**

- व्यवस्थित मार्ग नहीं होने से प्रसूता सहित वृद्ध व बीमार लोगों को होती थी परेशानी

जिले के बतौली क्षेत्र में बहुत से दूरस्थ व पहुंचविहीन गांव थे जहां ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था और ग्रामीण अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने पगडंडी रास्तों में सफर करने को मजबूर थे। इसके अलावा पगडंडी रास्तों से ही बीमार मरीजों को खाट में ढोकर 108 व 112 वाहन तक कड़ी मशक्कत कर पहुंचाते थे। बेहतर आवागमन की सुविधा नहीं होने के कारण मरीज को समय पर इलाज नहीं मिलने पर जान भी गंवानी पड़ी है। साथ ही राशन लेने भी पगडंडी रास्तों का उपयोग दूरस्थ स्थल में ग्रामीणों द्वारा की जाती रही है। सड़क की समस्या से क्षेत्र ग्रामीण आजादी के बाद भी जूझते नजर आ रहे थे लेकिन अब प्रधानमंत्री जन मन सड़क ग्रामीण के लिए किसी वरदान से कम नहीं।



दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में बनी नवनिर्मित सड़क।

**दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र ब्लॉक मुख्यालय से जुड़ा**

केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जन मन सड़क कार्य दूरस्थ दुर्गम क्षेत्रों के लिए वरदान साबित हो रहा है। पहले जहां ग्रामीणों को घंटो पैदल यात्रा कर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचते थे लेकिन सड़क बनने के बाद कुछ समय ही ग्रामीण ब्लॉक मुख्यालय पहुंच जाते है। सड़क बनने से लोगों को अस्पताल, शिक्षा,खेती किसानी करने का माध्यम बन गया है। क्षेत्र के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र नकना से जोबलापारा, सरमना से कोईलारढोंडी, बाषाझाल से कदमहुआ,पहाड़ चिरगा से बिसरपानी, कदनई से समनिया तक पक्की सड़के बनाई गई है जिससे लोगों को पगडंडी रास्तों से राहत मिला है जो ब्लॉक मुख्यालय ,राष्ट्रीय राजमार्ग,तक ग्रामीणों का जुड़ाव हो रहा है।

पहले जहां ग्रामीण सड़क की समस्या से जूझ रहे थे उस क्षेत्र में भी पीएम जनमन योजना के तहत बनी पक्की लोगों को काफी राहत दी है और क्षेत्र के लोगों के लिए सड़क जरूरतों को पूरा करने का सुगम माध्यम बन गया है।

**पर्यटन स्थल से जुड़ा दालधोवा जलप्रतात**

बिजलहवा से मड़वासई तक बनी जन मन योजना की पक्की सड़क ने मैनपाट पर्यटन स्थल से सेदम दालधोवा जलप्रपात को जोड़ने का काम किया है। जहां राष्ट्रीय राजमार्ग 43 सेदम से मैनपाट मात्र 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है जिससे सेदम जलप्रपात को पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा देने यह जन मन की सड़क कारगर साबित होगा।

**सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर**

पीएम जन मन के तहत सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है जिससे दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। कई कार्य प्रगति पर है जिन्हें गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाएगा जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

-विकास कौशिक
ईई, पीएम जनमन योजना



## कम ऊंचाई पर उड़ान भर रहा हवाई जहाज बना पहेली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिहारपुर

पिछले एक पखवाड़े से दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में बेहद कम ऊंचाई पर उड़ान भर रही एक हवाई जहाज क्षेत्रवासियों के लिए पहेली बनी हुई है। प्रायः हर दिन आसमान से हवाई जहाज को गुजरते देख लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। इसके पूर्व जशपुर, बलरामपुर एवं सूरजपुर में भी बेहद कम ऊंचाई से लम्बे समय तक एक हवाई जहाज के रोज चक्कर लगाने की चर्चा जोरों पर थी।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि शासन की कोई एजेंसी हवाई जहाज से चक्कर लगाकर क्षेत्र में उपलब्ध खनिजों का सर्वेक्षण कर रही हैं वहीं कुछ ग्रामीण देश के चर्चित उद्योगपति द्वारा क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों का हवाई मार्ग से सर्वेक्षण कराने की बात कह रहे है। खास बात है कि हवाई जहाज के संबंध में प्राशासनिक अधिकारियों को भी कोई जानकारी नहीं है। हवाई जहाज प्रायः हर दिन विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत ग्राम कर्री, कुप्पा, बसनारा के ऊपर से बेहद कम ऊंचाई से गुजरता है तथा महुली, कोल्डीहा के रास्ते मध्यप्रदेश के सिंगरौली की ओर चला जाता है।

इस संबंध में एसडीएम चांदनी कंवर ने बताया कि कम ऊंचाई पर एक हवाई जहाज के उड़ान भरने की सूचना मिली है। इस संबंध में जानकारी लेती हूं।

## ओपीडी में गंभीर हालत में पड़े ग्रामीण की मौत



अम्बिकापुर। 27 मई को 30 वर्षीय ग्रामीण ओपीड़ी में अचेत हालत में पड़ा हुआ था। इसी दौरान अचेत पड़े ग्रामीण पर ओपीडी तैनात सुरक्षा कर्मियों की नजर पड़ी तो सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल उसे वार्ड में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पास अस्पताल का पर्ची मिला जिसमे उसका नाम आशीष व बतौली क्षेत्र निवासी लिखा था। बहरहाल पुलिस ने मृतक की पहचान नहीं हो पाने पर शव को अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में रखवा दिया है साथ ही परिजन की तलाश शुरू कर दी है।



## बनारस से आए पुजारियों के दल ने की भव्य गंगा आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

मां गंगा के धरती पर अवतरण दिवस गंगा दशहरा के अवसर पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर एवं तत्पर सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को कुरवाँ स्थित रिंहद नदी तट पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान बनारस से आए पुजारियों द्वारा प्रस्तुत गंगा आरती ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

- ग्राम कुरवाँ स्थित रिंहद नदी तट और संकट मोचन मंदिर में गूंजे भजन कीर्तन

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल रुद्राभिषेक एवं मां गंगा के पूजन-अर्चन से हुई। देर शाम रिंहद नदी तट पर बनारस से आए पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार और मधुर भजनों के बीच लगभग आधे घंटे तक भव्य गंगा आरती की। दीपों की रोशनी, शंखध्वनि और भक्ति संगीत के बीच हुई आरती ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। यहां बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने नदी तट पर दीपदान भी किया। आयोजन में नदी तट दीपों की श्रृंखला भी सजाई गई थी,अंत में प्रसाद वितरण किया गया।इसी क्रम में बुधवार शाम बस स्टैंड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में भी विशेष आरती का आयोजन किया गया। बनारस से आए पांच पुजारियों के दल ने भगवान श्री हनुमान जी की आकर्षक आरती प्रस्तुत की, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी अपने समर्थकों के साथ शामिल हुईं और पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। विभिन्न भजनों और आरती गीतों के बीच पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।आयोजन को सफल बनाने में आचार्य पंडित बालकिशुन गर्ग 'भोला महाराज' एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने पूरे विधि-विधान से पूजन और आरती संपन्न कराई।

## सर्वेश्वरी समूह ने जेल में लगाया मेडिकल कैम्प

अंबिकापुर। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा द्वारा 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम अघोरेस्वर महाप्रभु को नमन करते हुए अंबिकापुर आश्रम के व्यवस्थापक समर विजय सिंह तोमर के संचालन एवं प्रमोद श्रीवास्तव के सहसंचालन में केन्द्रीय जेल में वृहद् मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

- वृद्धाश्रम, बाल आश्रम, जिला अस्पताल में किया फल वितरण



शिस कैम्प में डॉ. अनिल सिंह, डॉ. द्ववेदी, डॉ. अर्पण, डॉ. अनुभा, डॉ. अर्पणा एवं अन्य चिकित्सको ने अपना सहयोग दिया। चिकित्सकों ने 600 कैदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दावा वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त बंदियों का नेत्र परीक्षण भी किया गया और 84 बंदियों को चश्मा दिया गया। मेडिकल कैंप के संचालन में जेल अधीक्षक अक्षय राजपूत, जेल स्टाफ एवं आश्रम के स्वयं सेवक राहुल जयसवाल, संजीव सिंह, रवि सोनी, मनोज सिंह एवं रविशंकर सिंह ने सहयोग किया। इस 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत ही शहर के विभिन्न वृदाश्रम, बाल-आश्रम, अनाथालय, दिव्यंगा-आश्रम (घरोंदा) एवं जिला चिकित्सालय में फल तथा बिस्कुट का वितरण किया गया। साथ ही छोटे बच्चों के उपयोग में आने वाले वस्तुओं एव मेडिकल किट का भी वितरण किया गया। निसक्त एवं बेसहारा लोगो को भोजन का पैकेट दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आश्रम की महिला स्वयं सेवक प्रतिमा राय, राखी सोनी, श्वेता सिंह, बबीता ताम्रकर, नीता सिंह, दीपिका श्रीवास्तव एवं उनके सहयोग के लिए अजय, दुहन, ओपी सिंह, सचिन, सुरेश व दिलीप उपस्थित रहे।

## मासिक स्वच्छता दिवस पर विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांड़गांव

स्वस्थ नारी, सशक्त नारी के संकल्प के साथ 28 मई को मासिक स्वच्छता दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वच्छता अपनाना, जीवन संवारना और मासिक धर्म से जुड़ी रूढ़िवादिता व झिझक को दूर करना है।

स्काउट्स एवं गाइड्स और यूनिसेफ के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में हाई स्कूल फुलचुही, उदयपुर के स्काउट्स मास्टर विपिन बिहारी गहवई ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर मासिक रक्षा सूत्र भी पहनाकर समाज के संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य व सम्मान को बढ़ावा देने के लिए पाच महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया। स्वच्छता रखें, स्वस्थ रहें, सही जानकारी, सुरक्षित भविष्य, सैनिटरी पैड का उपयोग करें, समय पर पैड बदलें, खुलकर बात करें, शर्म को दूर करें। अभियान के तहत 'एक कदम स्वच्छता की ओर, एक कदम सशक्त समाज की ओर' का नारा दिया गया। आयोजकों का मानना है कि जब देश की महिला स्वस्थ होगी, तभी एक सशक्त परिवार और मजबूत समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर लोगों से स्वच्छता अपनाए', 'सफाई का ध्यान रखें', सही उत्पाद का उपयोग करें और जानकारी बढ़ाएँ, जागरूक बनें'जैसे संकल्प लेने की बात कही।




## मरीज को फाइलेरिया से बचाव की दी गई जानकारी

प्रतापपुर। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड प्रतापपुर में फाइलेरिया उन्मूलन हेतु सतत गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम मानी निवासी फाइलेरिया रोग से पीड़ित मरीज राजकुमार आ. परमेश्वर (35 वर्ष) का 2021में फाइलेरिया बीमारी का पहचान कर सतत मॉनिटरिंग एवं स्वास्थ्य शिक्षा दिया जा रहा है।

इसी क्रम में आज ग्राम मानी आयुष्मान आरोग्य मंदिर मानी में मरीज को बुलाकर फाइलेरिया से बचाव हेतु प्रभावित अंग की सफाई कर नियमित साफ-सफाई, व्यायाम, त्वचा की देखरेख एवं संक्रमण से बचाव हेतु परामर्श दिया गया। मरीज को आवश्यक उपचार संबंधी सामग्री देकर मार्गदर्शन भी दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से कहा कि फाइलेरिया से बचाव हेतु समय-समय पर चलाए जाने जा रहें गतिविधियों में अनिवार्य रूप से भाग लेकर फाइलेरिया संबंधी लक्षण दिखाई देने पर नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। यह गतिविधि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



## केते एक्शटेंशन को मंजूरी रामगढ़ से प्रभु श्रीराम की ऐतिहासिक पहचान को खत्म करने वाला कृत्य

अम्बिकापुर। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव ने केते एक्शटेंशन कोल परियोजना को मिली स्वीकृति के बाद केंद्र व राज्य सरकार की सोच पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि अडानी के एमडीओ वाली एक और कोल परियोजना केते एक्शटेंशन कोल खदान को आखिरकार केंद्र सरकार ने मंजूरी दे ही दी।

राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम को आवंटित इस कोल खदान के कुल परियोजना के विस्तृत क्षेत्र का लगभग 99 प्रतिशत हिस्सा हसदेव अरण्य के संरक्षित एवं आरक्षित घने वन क्षेत्रों में है जहां 1,742.6 हेक्टेयर वन भूमि प्रभावित होगी। जिसमें लगभग 7 लाख पेड़ों की बलि दी जाएगी। यह पूरा वन क्षेत्र सरगुजा के ऐतिहासिक रामगढ़ पहाड़ से लगा हुआ है, जिसका अस्तित्व इस कोल खदान के स्वीकृति के साथ ही समाप्त होने की ओर इशारा करता है। वास्तव में यह कोल परियोजना हवाई दूरी में रामगढ़ की मुख्य मंदिर से 8 किमी की दूरी पर है। जबकि इससे अधिक दूरी पर चल रहे अन्य कोल परियोजनाओं के कारण लगातार रामगढ़ की पहाड़ धराशायी हो रही है, कई चट्टान टूट रहे हैं, दरारें आ रही हैं। इस खदान की स्वीकृति के साथ ही रामगढ़ के पहाड़ और मंदिर के अस्तित्व को लेकर सवाल खड़ा हो गया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस सिंह देव ने राज्य व केंद्र सरकार को 26 जुलाई 2022 को छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा आयोजित विशेष सत्र को याद दिलाते हुए कहा है कि सर्वसहमति से यह प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा गया था कि हसदेव अरण्य क्षेत्र में आगे किसी भी नई कोल परियोजना को खोलने अनुमति या सहमति नहीं दी जायेगी। जिसमें विधानसभा के सदन में मौजूद सभी पार्टियों के विधायकों ने अपनी सहमति प्रदान की थी। इतना ही नहीं जुलाई 2023 में सुप्रीम कोर्ट में भी सरकार ने यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया था की हसदेव अरण्य क्षेत्र में नई कोल खदानें गैर जरूरी हैं।

## गर्मी में पेयजल के लिए भटक रहे ग्रामीण

# विशुनपुर में 4 साल से टंकी तैयार नहीं हो रही पानी की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामचन्द्रपुर

ग्राम पंचायत बिशुनपुर में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की आपूर्ति प्रारंभ नहीं होने से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में जल संकट से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है तथा तत्काल पानी टंकी से आपूर्ति प्रारंभ करने की मांग की है।



ग्रामीणों ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से चार वर्ष पूर्व जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण एवं पाइप लाइन का विस्तार कराया गया था। निर्माण पूरा होने के बाद योजना ग्राम पंचायत के सुपुर्द करने की तैयारी की जा रही थी। इस दौरान टंकी में पानी भरा गया तो तेजी से पानी टपकने लगा। जनप्रतिनिधियों ने गुणवत्ताहीन पानी टंकी के निर्माण को लेकर ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया तथा पानी टंकी की मरम्मत कराने के बाद ही ग्राम पंचायत द्वारा इसकी जिम्मेदारी लेने की जानकारी दी। इस दौरान ठेकेदार ने पंचायत से पूर्णता प्रमाण पत्र की मांग की तथा दो-चार दिन के भीतर पानी टंकी की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया।

जनप्रतिनिधियों द्वारा पानी टंकी की मरम्मत कराने के बाद ही पूर्णता प्रमाण प्रदान करने की बात पर न तो ठेकेदार ने टपक रही पानी टंकी की मरम्मत कराई न ही विभाग के अधिकारियों ने ही इसकी खोज खबर ली। भीषण गर्मी में ग्राम पंचायत बिसुनपुर अंतर्गत इमलीपारा वार्ड के लोगों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। वार्ड पंच भरत सिंह ने बताया कि संक्रमण के कारण बस्ती के तीन कुंओं का पानी काला एवं अनुपयोगी हो गया है। विभाग द्वारा बस्ती में पांच हैण्डपंप लगाए गए हैं जिनमें से दो पिछले एक साल से बंद पड़े हैं जबकि दो हैण्डपंपों से लाल रंग का पानी निकलने के कारण ग्रामीणों ने इसका उपयोग करना बंद कर दिया है। बस्ती में एकमात्र हैण्डपंप होने के कारण लोगों को पानी के लिए संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को अपनी जरूरत के अनुसार सुबह-शाम 400 मीटर दूर स्कूल पारा स्थित हैण्डपंप से पानी लाना पड़ रहा है। स्कूलपारा स्थित हैण्डपंप पर भारी भीड़ जमा होने के कारण पानी के लिए लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### पद्म पुरस्कार 2027 के लिए 31 तक नामांकन

**रायगढ़।** गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार हेतु ऑनलाइन नामांकन एवं अनुशंसा आमंत्रित की गई है। यह प्रक्रिया विशेष रूप से उन अनसुने नायकों के लिए शुरू की गई है, जिन्होंने दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कल्याण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट और उल्लेखनीय योगदान दिया है। संचालक, समाज कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़, समाज कल्याण परिसर माना कैम्प रायपुर द्वारा जारी पत्र के अनुसार भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, नई दिल्ली द्वारा इस संबंध में आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। पात्र व्यक्तियों अथवा दिव्यांगजनों के नामांकन के लिए उनका संक्षिप्त औचित्यए पूर्ण जीवन वृत्त, संपर्क विवरण एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

### सनातन का अपमान कांग्रेस का चरित्र : अरुण

**रायगढ़।** भाजपा जिला अध्यक्ष



अरुण धर दीवान ने कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार हिंदू धर्मगुरुओं के अपमान पर तीखा हमला बोला उन्होंने कहाए ये है सनातन विरोधी कांग्रेस का असली चेहरा। जब भी हिंदुओं की बात आती हैए कांग्रेस के नेता तुरंत संतों को बीजेपी का बताकर अपमान शुरू कर देते हैं। अरुण धर दीवान ने कहा प्रदेश की जनता बागेश्वर धाम सरकार का अपमान नहीं भूली है। पूज्य पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री छत्तीसगढ़ पधारे थे, तब तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनका सार्वजनिक मंच से अपमान किया। लाखों श्रद्धालुओं की आस्था पर चोट इसलिए पहुंचाई क्योंकि बागेश्वर धाम में सनातन का जयघोष होता है और कांग्रेस को सनातन से ही दिक्कत है। दीवान ने कहा पहले धीरेंद्र शास्त्री का अपमान अब जगतगुरु रामभद्राचार्य पर हमला यह सब किसके इशारे पर हो रहा है।

### पूर्व जिपं अध्यक्ष निराकार पंचतत्व में विलीन

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व जिला



पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे जिले सहित राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार 26 मई को शाम 5 बजे उनके निज ग्राम धनागर में पूरे सामाजिक रीति रिवाजों के साथ उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ, जहाँ वे पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा स्व. निराकार पटेल के अंतिम दर्शन के लिए उनके निवास स्थान और धनागर मुक्तिधाम में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। वे अपने मिलनसार स्वभाव और क्षेत्र के विकास में दिए गए योगदान के लिए जाने जाते थे। उनके अंतिम संस्कार में परिवारजनों और ग्रामीणों के साथ साथ बड़ी संख्या में राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के लोग शामिल हुए। इस दुखद घड़ी में खरसिया विधायक उमेश कुमार पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी, पूर्व अध्यक्ष दिलीप पांडेय समेत कांग्रेस परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

## पेज 1 के शेष...

### पति ने भाई व नाबालिग...

के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद उसे जेल जाना पड़ा था। करीब डेढ़ महीने पहले वह जमानत पर बाहर आया था। ग्रामीणों के मुताबिक जेल से लौटने के बाद भी दोनों के बीच बातचीत और मुलाकात जारी रही। इसकी जानकारी आरोपी और उसके परिजनों को लगी तो गांव में सामाजिक बैठक बुलाई गई। बैठक में महिला ने पति के साथ रहने से इनकार करते हुए सुशील खलखो के साथ रहने की इच्छा जताई। इसके बाद सामाजिक सहमति से महिला को सुशील के साथ रहने भेज दिया गया था। बताया जा रहा है कि तभी से आरोपी जयलाल अंदर ही अंदर आक्रोश में था।

ग्राम पंचायतों में तैयार हो रही कार्य योजनाएं, 1 जुलाई से शुरू होगा क्रियान्वयन

# वीबी जीराम के तहत जल संरक्षण हरित विकास पर रहेगा विशेष फोकस



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्रामीण विकास को नई दिशा देने वाले श्विकसित भारत.गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण अर्थात वीबी जीराम जी अधिनियम 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर रायगढ़ जिले में व्यापक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में स्थानीय आवश्यकताओं, प्राकृतिक संसाधनों और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार विकास कार्यों की पहचान एवं प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

केंद्र सरकार द्वारा अधिनियम अंतर्गत अनुमेय 318 प्रकार के विकास कार्यों की अंतरिम सूची जारी की गई है, जिसके आधार पर जिले में जल संरक्षण, ग्रामीण अधोसंरचना, कृषि उत्पादकता वृद्धि और आजीविका संवर्धन से जुड़े स्थायी कार्यों को प्राथमिकता देने की रणनीति बनाई जा रही है। प्रशासन का लक्ष्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि गांवों में टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती प्रदान करना है। रायगढ़ जिले में बढ़ती जल चुनौती और भूजल संरक्षण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वीबी जीराम जी के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े कार्यों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। प्रस्तावित कार्यों में तालाब गहरीकरण एवं पुनर्जीवन, चेकडैम निर्माण, खेत तालाब, परकोलेशन टैंक, रिचार्ज पिट, रिचार्ज शाफ्ट, वर्षा जल संचयन संरचनाएं तथा नाला उपचार जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। जिला प्रशासन इन गतिविधियों को श्जल शक्ति जनभागीदारी अभियान सहित अन्य स्थानीय अभियानों से जोड़कर जनसहभागिता बढ़ाने की दिशा में भी कार्य कर रहा है, ताकि जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा सके। इसके साथ ही ग्रामीण अधोसंरचना विकास को गति देने के लिए ग्रामीण संपर्क मार्ग, पुलिया निर्माण, क्रॉस ड्रेनेज संरचनाएं, जल निकासी व्यवस्था, सामुदायिक उपयोग की आधारभूत सुविधाएं एवं ग्रामीण पथ सुधार से जुड़े कार्यों को भी प्राथमिकता सूची में रखा गया है। इन कार्यों से ग्रामीणों को दीर्घकालीन सुविधा मिलने के साथ कृषि एवं आजीविका गतिविधियों को नई मजबूती प्राप्त होगी।

#### चल रहा पंचायतों में बैठकों का दौर

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण, एग्रो फॉरेस्ट्री, सड़क एवं नहर किनारे पौधरोपण, सामुदायिक भूमि पर हरित विकास कार्य तथा बांस आधारित पौधारोपण अभियान भी बड़े स्तर पर संचालित किए जाएंगे। इससे न केवल पर्यावरणीय संतुलन मजबूत होगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में हरित आवरण बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा सभी ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि वे स्थानीय मांगए उपलब्ध संसाधन, जलवायु परिस्थितियों और जनआवश्यकताओं के आधार पर विकास कार्यों का चयन करें। पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों, तकनीकी अमले और ग्रामीणों की सहभागिता से लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है, जहां गांवों की प्राथमिक जरूरतों के अनुरूप प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं।

#### रोजगार सृजन और विकास अहम कड़ी

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार वर्तमान में जिले में सभी आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक तैयारियां तेज गति से जारी हैं और 1 जुलाई 2026 से अधिनियम लागू होने के साथ ही स्वीकृत कार्यों का चरणबद्ध क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से ग्राम सभा एवं पंचायत बैठकों में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा है कि ग्रामीण विकास, जल संरक्षण और रोजगार सृजन के लक्ष्यों को सामूहिक प्रयासों से ही सफल बनाया जा सकता है। वीबी जीराम जी योजना आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी विकास, बेहतर जल प्रबंधन और मजबूत आजीविका का नया आधार बनेगी।



## पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण, योजना फ्लॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

■ सोनियाडीह में पेयजल संकट पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

बिलाईगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनियाडीह में भीषण पेयजल संकट ने ग्रामीणों की जिंदगी मुश्किल कर दी है। गांव के हैंडपंप और बोर लगातार जवाब दे रहे हैं, वहीं जिम्मेदार विभाग और प्रशासन गहरी नींद में सोए हुए नजर आ रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं, लेकिन करोड़ों की नल जल योजना अब तक सिर्फ कागजों और दिखावे तक सीमित है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में नल जल योजना का काम 1 वर्ष पहले पूरा हो चुका है। पाइपलाइन बिछा दी गई, पानी टंकी भी खड़ी कर दी गई, लेकिन आज तक एक बूंद पानी ग्रामीणों को नसीब नहीं हुआ।

गांव के लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हर बार अधिकारियों द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं होती। गर्मी बढ़ते ही पानी की समस्या विकराल रूप ले चुकी है, इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी गांव की ओर झांकने तक नहीं पहुंच रहे हैं ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि जल्द नल जल योजना चालू नहीं की गई और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को कब तक नजरअंदाज करता हैए या फिर लोगों को पानी के लिए यूं ही दर दर भटकना पड़ेगा।

## सीएमओ ने दिया मानवता का परिचय, घायलों को पहुंचाया अस्पताल

**सरिया।** सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करना एक सराहनीय और जीवन रक्षक काम है। जिसे चिकित्सा और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अक्सर निभाया जाता है। इसी कड़ी में गुरुवार सुबह 9 बजे बस स्टैंड सरिया के पास सडक दुर्घटना में एक युवती समेत तीन लोग घायल हो गए। लोगों की भीड़ लग गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने की सख्त जरूर था। इसी बीच सरिया नगर पंचायत सीएमओ लाल सिंह मरकाम रास्ते से अपने वहां से गुजर रहे थे। लोगों की भीड़ देखकर सीएमओ ने हालात को जानना चाहा और सड़क में पड़े घायल तड़प रहे थे। सीएमओ ने मानवता का परिचय देते हुए अपने कार में तीनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया पहुंचा और तब तक अस्पताल में रहे जब तक घायलों का प्राथमिक उपचार होता रहा। बाद में डॉक्टरों ने घायलों को रेफर कर दिया।



बताया जाता है कि दो बाइक आमने सामने टकराने से बस स्टैंड के पास दुर्घटना हुई। जिसमें रायगढ़ रामभाठा निवासी एक युवती समेत तीन लोगों को चोट लगने पर सड़क में घायल अवस्था में थे। इस बीच सीएमओ लाल सिंह मरकाम ने अपने वाहन में तीनों घायलों को अस्पताल पहुंच कर पुण्य का कार्य किया। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि मानवता के नाते एक दूसरे की मदद अवश्य करें। आज हमारे नगर पंचायत के सीएमओ लाल सिंह मरकाम ने मानवता का परिचय देते हुए घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल सहयोग किया। उन्होंने कहा कि घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचा दें।

## जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में मिलेगी एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की सेवाएं

**कटेली।** जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की पदस्थापना नहीं होने के कारण सिजेरियन तथा मेजर सर्जरी जैसे महत्वपूर्ण ऑपरेशन प्रभावित हो रहे थे। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ की एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. कुंती नायक की सेवाएं सप्ताह में दो दिवस सोमवार एवं मंगलवार को जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में प्रदान करने की अनुमति दी गई है। इस महत्वपूर्ण पहल के लिए कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू द्वारा लगातार प्रयास किए गए।




## गर्मी में हाट बाजार व चौक-चौराहे में ठंडे पानी से राहत दे रही जिंदल जल सेवा

■ सीएचपी और धौराभांठा चैक व बाजार तथा मंडे मार्केट, डोंगामहुआ में दी जा रही सेवा

**रायगढ़।** गर्मी के दिनों में आवागमन करने वाले लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए जिंदल फाउंडेषन द्वारा जिंदल जल सेवा की षुरूआत की गई है। इसके अंतर्गत ठंडा पानी के दो वाहन प्लांट और माइंस क्षेत्र में सेवा दे रहा है। सीएचपी चैक और धौराभांठा चौक चौराहे में मुसाफिरों को रोज सुबह से षाम तक यह सुविधा मिल रही है वहीं क्षेत्र के बड़े बाजार में भी लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध करा के राहत दी जा रही है।

नौतपा में सूरज के तेवर तीखे हैं, लू जैसी स्थिति है, ऐसे में शरीर को पानी की आवश्यकता अधिक होती है। खासकर सुबह से लेकर षाम तक यात्रा करने वालों को ठंडा पानी की तलाष रहती है, लोगों की इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए जिंदल फाउंडेषन द्वारा जिंदल जल सेवा की शुरूआत की गई। इस अवसर पर मांइस के वाइस प्रेसिडेंट और सीईओ ओमप्रकाश ने कहा कि गर्मी के दिनों में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन की समस्या आती है, ऐसे समय में राहगिरों को ठंडा पानी पिलाना पुण्य का काम है। इसी भावना को ध्यान में रखकर जिंदल फाउंडेशन द्वारा क्षेत्र में ठंडे पानी के दो वेन की व्यवस्था की गई है। आगे भी क्षेत्र के लोगों को ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर वीपी 2/3 गोविंद कुमार, एवीपी 4/1 विजय कुमार जैन, एसोसिएट वाइस प्रेसीडेंट एंड ग्रूप हेड सीएसआर ऋशिकेष षर्मा, एचआर हेड संतोश कुमार द्विवेदी, एजीएम राजेष रावत व अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



#### इन स्थानों पर मिल रही सुविधा

जिंदल जल सेवा की सुविधा सीएचपी चैक और धौराभांठा चैक चैराहे में रोजाना सुबह से शाम तक मिल रही है। इसके अलावा प्रत्येक सोमवार को साप्ताहिक मंडे मार्केट झिंकाबहार, रविवार को साप्ताहिक बाजार डोंगामहुआ बाजार और शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार धौराभांठा में भी ठंडे पानी की सुविधा लोगों को उपलब्ध कराई जा रही है।

## चखना के लिए आम तोड़कर लाने की बात को लेकर उपजा विवाद, कर दी नाबालिग की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुरदा के डोगरमुड़ा खार में बीते दिनों एक नाबालिग का शव मिला था। इस हत्याकांड में शामिल दो युवकों सहित एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने नाबालिग को महज इसलिए मौत के खाट उतार दिया क्योंकि उसने चखना के लिए पेड़ से आम तोड़ने से इनकार कर दिया था।

गौरतलब है कि 25 मई को ग्राम गुरदा के डोगरमुड़ा खार में एक शव पड़ा मिला था। जिसकी शिनाख्त बरभौना निवासी 16 वर्षीय किशोर के रूप में हुई थी। चुंकि शव में चोंट के निशान थे, ऐसे में पुलिस ने हत्या की आशंका के आधार पर अपनी जांच शुरू की। इसी बीच ऋषि डनसेना ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसके भाई को ऋषि डनसेना काम कराने के नाम पर लेकर गया था। किंतु वह देर शाम तक वापस नहीं लौटा। ऐसे में परिजन उसकी खोजबीन में जुट गए। इस बीच 25 मई की सुबह ग्राम गुरदा के डोगरमुड़ा खार स्थित बरगद पेड़ के नीचे किशोर का शव मिला। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए जांच शुरू की और ऋषि डनसेना से पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान ऋषि डनसेना ने बताया कि नाबालिक को उसने उसके साथियों चन्द्रशेखर उर्फ चंदा डनसेना पिता सेतराम, रघुसिंह उर्फ रघुनाथ राठिया पिता नरसिंग राठिया सहित एक नाबालिग के पास छोड़कर चला गया था। बाद में जब उसने चंद्रशेखर को फोन किया, तब उनके बीच झगड़े और मारपीट की आवाज सुनाई दी, ऐसे में उसने फोन पर झगड़ा शांत करने को कहा। ऋषि डनसेना के बयान के आधार पर पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल दो युवकों सहित अपचारी बालक से पूछताछ शुरू की। सख्ती से की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सभी ने साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान चखना के लिए उसे आम तोड़कर लाने को कहा, लेकिन उसने इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हुआ और जो मारपीट में बदल गया। जिसके बाद आरोपियों ने मिलकर उसके साथ जमकर मारपीट की। इसी बीच वह खेत की मेड़ से फिसलकर तालाब में गिर पड़ा और गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई।



खरसिया के गुरदा में मिला था नाबालिग का शव, दो युवक सहित नाबालिग गिरफ्तार

## नाबालिगों को नशे के लिए सोल्यूशन ट्यूब बेचने वाला किराना दुकान संचालक गिरफ्तार



**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस ने किराना दुकान की आड़ में नाबालिगों को नशा करने के लिए सुलेशन ट्यूब बेचने वाले दुकान संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक जेल कॉम्पलेक्स स्थित संतोष किराना दुकान में किराना सामान के साथ दुकान संचालक संतोष बाधवानी पिता रमनदास निवासी पंचवटी नगर बोइरदादर द्वारा सुलेशन ट्यूब रखकर छोटे-छोटे नाबालिग बच्चों को नशे के लिए बेचने की सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमार कार्रवाई करते हुए आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जब पुलिस टीम मौके पर कार्रवाई करने पहुंची तो वहां मौजूद 2-3 नाबालिग बालक नशा करते भी पाए गए, लेकिन पुलिस को देख वे भाग निकले। सख्ती से की गई पूछताछ में दुकान संचालक ने बताया कि वह नाबालिग बच्चों को प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर सोल्यूशन बेचता था, जबकि उसे यह जानकारी थी कि बच्चे इसका उपयोग नशे के रूप में कर रहे हैं। आरोपी की दुकान से 50 एमएल के 13 नग तथा 10 एमएल के 39 नग सुलेशन ट्यूब एवं बिक्री रकम भी बरामद कर जब्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 77 जेजे एक्ट तथा धारा 123, 275 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

## तीर से किया तीन वार, भतीजे की हत्या, घरघोड़ा न्यायालय ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**घरघोड़ा।** अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि थाना ग्राम कया निवासी मृतक पूरन सिंह राठिया की हत्या उसके बड़े पिता कंवर सिंह राठिया द्वारा निर्दयता पूर्वक कर दिया गया था। उसका अपने बड़े पिता अभियुक्त कंवर सिंह राठिया के साथ जमीन सम्बन्धी विवाद चल रहा था। उसी रंजिश के कारण अभियुक्त ने घात लगाकर कर तीर धनुष से प्रहार किया था। उक्त घटना की सूचना मृतक के बड़े भाई राम प्रसाद राठिया ने थाना घरघोड़ा में आकर दर्ज कराया था। घटना दिन 28 अक्टूबर 2020 को दोपहर लगभग 3 बजे जब सूचना कर्ता राम प्रसाद राठिया अपने छोटे भाई मृतक पूरन सिंह राठिया, गांव के संतोष राठिया एवं होम राठिया के साथ अपने खेत से धान बंडल उठा कर ट्रैक्टर ट्राली में लोड कर गांव की तरफ वापस आ रहे थे। ट्रेक्टर ट्राली के ऊपर पूरन सिंह राठिया और संतोष राठिया बैठे थे तभी अभियुक्त कंवर सिंह राठिया जो मांझी डोंगरी जंगल में तीर धनुष और टांगी लेकर घात लगाए बैठा था। जैसे ही सूचना कर्ता का ट्रैक्टर मांझी डोंगरी की ऊंचाई की ओर चढ़ने लगा और उसकी गति कुछ धीमी हुई तभी अभियुक्त कंवर सिंह राठिया ट्रैक्टर के ट्रॉली में बैठे अपने



छोटे भाई के पुत्र पूरन सिंह राठिया को निशाना लगाकर तीर से मारा संतोष रठिया यह देख कर चिल्लाते हुए ट्रेक्टर से कूद कर भागने लगा जिसे देखकर राम प्रसाद राठिया और ओम राठिया भी अभियुक्त की मंशा को भांप कर डर से गांव की ओर भागे और गांव में जाकर घटना की सूचना दी। अभियुक्त ने मृतक पूरन सिंह राठिया के शरीर में धनुष से तीन बार तीर चला कर उसके गला, भुजा और छाती में तीन तीर चला कर उसकी हत्या कर दी। जिससे मृतक ट्रैक्टर के ट्रॉली के ऊपर लुढ़क गया और वही उसकी मृत्यु हो गई थी रिपोर्ट कर्ता ने बताया कि वह गांव मंट जाकर घटना की सूचना गांव वालों को दिया और गांव वालों के साथ आकर घटनास्थल जाकर देखें तो उसके छोटे भाई पूरन सिंह राठिया की मृत्यु हो चुकी थी। जिसकी सूचना उसने थाना घरघोड़ा में आकर कर दिया था थाना घर घोड़ा के अपराध कायम कर तात्कालीन विवेचना अधिकारी ने अभियुक्त के विरुद्ध विवेचना करते हुए सभी महत्वपूर्ण साक्ष्यों को संकलित कर धारा 302 के तहत अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। तर्क सुनने के बाद न्यायालय ने अभियुक्त को धारा 302 के तहत उसके छोटे भाई के पुत्र मृतक पूरन सिंह राठिया की हत्या करने का दोषी ठहराते हुए अभियुक्त कंवर सिंह राठिया को आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा एक हजार के अर्थदंड से दंडित करने का निर्णय सुनाया।




